प्रादेशिक समाचार

29.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद की हुई बैठक, शोध और नवाचार की गतिविधियों को सुदृढ़ करने पर जोर।
2. राज्य में जल्द ही सात हजार पांच सौ जीएनएम और एएनएम की होगी नियुक्ति, स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी ने सिमडेगा में की घोषणा।
3. नल जल योजना पर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा, आदित्य साहू का आरोप योजना में हुई अनियमितता, पेयजल और अनियमित विद्युत आपूर्ति पर आंदोलन की घोषणा।
4. पंचायती राज मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए पंचायत विकास सूचकांक संस्करण 2.0 किया जारी, सरायकेला जिले के नारायणपुर पंचायत को मिला ए ग्रेड।
5. बिलासपुर में चल रही ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने पुणे को एकतरफा मुकाबले में चार गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड मंत्रालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद की बैठक हुई। बैठक में राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शोध एवं नवाचार को सुदृढ़ बनाने तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में नवाचार आधारित वातावरण विकसित करने को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान श्री सोरेन ने अधिकारियों को उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में शोध, स्टार्टअप, इनोवेशन एवं प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में जल्द ही सात हजार पांच सौ जीएनएम और एएनएम की नियुक्ति की जाएगी। डॉ0 अंसारी ने आज सिमडेगा में आयोजित मेगा महिला स्वास्थ्य और नेत्र चिकित्सा शिविर को संबोधित करते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर चल रहे अभियान में सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

*******************

प्रदेश भाजपा ने नल जल योजना पर राज्य सरकार को घेरा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू ने योजना में अनियमितता का आरोप लगाया है। श्री साहू ने आज रांची प्रेसवार्ता में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से नल जल योजना के तहत राज्य को बारह हजार नौ सौ बयासी करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, लेकिन सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण यह योजना झारखंड में सफल नहीं हो रही है।

इस दौरान उन्होंने पेयजल संकट और अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर आगामी छह से बारह मई तक चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की।

*******************

उधर जामताड़ा जिले में पेयजल संकट दूर करने को लेकर विभागीय स्तर से युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। विभागीय अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि जिले में खराब पड़े चापानलों की सूचना पर 24 घंटे के अंदर प्राथमिकता के आधार पर उसे दुरूस्त किया जा रहा है।

*******************

पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है और कहीं भी ड्राई–आउट की स्थिति नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में प्रेसवार्ता में बताया कि पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लगभग दोगुनी हो गई है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। इस दौरान श्री सेठ ने केन्द्रीय मंत्री के साथ रांची में एक से तीन मई तक आयोजित सांसद सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने तीन मई को महोत्सव के समापन समारोह में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

*******************

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए पंचायत विकास सूचकांक संस्करण 2.0 जारी किया है। इसमें सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के नारायणपुर पंचायत ए ग्रेड मिला है। यह रिपोर्ट पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने, स्थानीय शासन में पारदर्शिता और डेटा आधारित निर्णय निर्माण को बढ़ावा देने तथा विकसित ग्राम पंचायत के लक्ष्य की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में एक मई से डिजिटल जनगणना कार्यक्रम की शुरुआत होने जा रही है। पहले चरण में 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व–गणना की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में 16 मई से 14 जून तक प्रगणक घर–घर जाकर इस डेटा का सत्यापन करेंगे। रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो ने आज रांची में प्रेसवार्ता में बताया कि निगम जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

*******************

डाक विभाग अब घरों से पार्सल कलेक्ट कर गंतव्य स्थान पर पहुंचने का काम करेगा। झारखंड परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष संजीव रंजन ने आज विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग सभागार में इस सेवा की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी परिमंडल में इस सेवा को बढ़ाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। श्री रंजन ने बताया कि पार्सल ऑन व्हील के तहत अब डाक विभाग घर से पार्सल लेकर गंतव्य तक पहुंचाएगा।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य के कई हिस्सों में हाल के दिनों में हुई बारिश के कारण तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले चार दिनों तक राज्य के पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गयी है।

*******************

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में चल रही ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने पुणे को एकतरफा मुकाबले में चार गोल  से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुणे की टीम प्रतियोगिता में एक भी गोल नहीं कर सकी। सिमडेगा की टीम की ओर से सीता, शिवानी, राजमणि और अमृता ने शानदार गोल किए।

*****समाप्त*******